## न्यूज डायरी



### क्या जाते–जाते हद पार कर गई थी सेना के साथ तल्खी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले हफ्ते सत्ता से बेदखल हो गए। विपक्ष ने एकजुट होकर उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग की। कहा जा रहा है कि सेना के साथ तल्खी इमरान खान के जाने का प्रमुख कारण बनी। वोटिंग वाली रात जब सभी की नजरें पाकिस्तान की नेशनल असेंबली पर टिकीं थीं तब इमरान खान के घर पर भी हलचल काफी बढ़ी हुई थी। खबरों के मुताबिक इमरान ने कैबिनेट बैठक बुलाई थी और इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। कहा तो यह भी जा रहा है कि उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल बाजवा को बर्खास्त कर दिया था और तनाव यहां तक बढ़ गया कि बाजवा ने खान को थप्पड़ जड़ दिया। सोशल मीडिया से लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में इमरान खान के थप्पड़ वाली बात फैली हुई है। हर कोई सच जानना चाहता है कि आखिर उस रात इमरान के घर पर क्या हुआ?

### पाकिस्तानियों पर अब बिजली की बढ़ती दरों का भी पड़ा बोझ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई के बीच लोगों को फरवरी से खपत की गई बिजली के लिए 4.8 रुपये प्रति यूनिट की अतिरिक्त लागत का भुगतान करना होगा। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, नेशनल इलेक्ट्रिक पावर रेगुलेटरी अथॉरिटी ने फरवरी महीने के लिए फ्यूल कॉस्ट एडजस्टमेंट के कारण बिजली टैरिफ में 4.8 रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की। कुछ दिन पहले ही देश की सत्ता पर काबिज होने वाले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बिजली वितरण कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से अधिक शुल्क लेने की अनुमति भी दे दी है। इसकी वजह से लोगों की जेब पर और अधिक बोझ पड़ रहा है। पाकिस्तान के लोग पहले से ही कर में तेजी से पीड़ित हैं। बिजली वितरण कंपनियां सभी उपभोक्ता श्रेणियों से अप्रैल 2022 के बिलिंग महीने में फरवरी 2022 का ईंधन लागत समायोजन (एफसीए) चार्ज करेंगी।

### श्रीलंका में आर्थिक संकट के बीच ईंधन पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका में चल रहे आर्थिक संकट के बीच देश भर में विरोध–प्रदर्शन हो रहे हैं। ऐसे में श्रीलंका में अब ईंधन का संकट भी गहराता जा रहा है। हालांकि, श्रीलंका ने ईंधन के संकट को लेकर बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने देश में शुक्रवार से शुरू होने वाले गैर–वाणिज्यिक वाहनों की अधिकांश श्रेणियों के लिए ईंधन राशनिंग की व्यवस्था शुरू की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, सीलोन पेट्रोलियम कार्पोरेशन (सीपीसी) ने शुक्रवार दोपहर 1:00 बजे से विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए ईंधन जारी करने पर प्रतिबंध की घोषणा की है। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, इस आदेश के बाद दोपहिया वाहनों में एक हजार रुपये, तिपहिया वाहनों में 1,500 रुपये, कार–वैन और जीप में पांच हजार रुपये तक का ईंधन भरवाया जा सकता है। सीपीसी के अध्यक्ष सुमित विजेसिंघे ने बताया कि नए नियम बसों, लॉरियों और वाणिज्यिक वाहनों पर लागू नहीं होते हैं।

### शंघाइ के अस्पतालों में मर रहे बुजुर्ग, पर्याप्त खाना तक नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के शंघाई शहर में सबसे अधिक मामले पाये गये हैं, जहां लंबे समय से लॉकडाउन है। शंघाई में प्रतिदिन मिलने वाले नये मरीजों की संख्या लगातार सबसे अधिक है। शंघाई में इलाज के इंतजार में एक बुजुर्ग महिला की मौत को लेकर लोगों में नाराजगी के मद्देनजर अस्पतालों को आदेश दिया गया है कि वे गैर कोविड मरीजों के इलाज में देरी नहीं करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) के अनुसार चीन के मुख्य भूभाग पर बृहस्पतिवार को स्थानीय संक्रमण के कारण कोविड–19 से संक्रमित पाये गये लोगों की संख्या 3472 दर्ज की गई, जबकि बगैर लक्षण वाले कोविड मरीजों की संख्या 20,782 दर्ज की गई। इस दौरान चीन के वाणिज्यिक केंद्र शंघाई में स्थानीय संक्रमण के कारण कोविड–19 से संक्रमित पाये गये लोगों की संख्या 3,200 दर्ज की गई।

# अब जेलेंस्की ने दी चेतावनी दुनिया के सभी देश तैयार रहें

## रूस यूक्रेन युद्ध में अब मंडरा रहा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा

**चेतावनी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुई जंग को अब 52 दिन पूरे हो चुके हैं। कई इलाकों से रूसी सैनिक पीछे हटे हैं तो कुछ जगहों पर पहले से अधिक भीषण हमले देखे गए हैं। अब इस युद्ध पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा मंडरा रहा है जिसकी चेतावनी अमेरिकी खुफिया एजेंसी भी दे चुकी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक इंटरव्यू कहा कि दुनिया के सभी देशों को इस संभावना के लिए तैयार रहना चाहिए कि पुतिन यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

जेलेंस्की ने सीएनएन को दिए इंटरव्यू में यह चेतावनी दी है। कीव में राष्ट्रपति कार्यालय से जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि पुतिन परमाणु या रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि उनके लिए यूक्रेन के लोगों की जिंदगी की कोई अहमियत नहीं है। सिर्फ मैं नहीं...पूरी



दुनिया, सभी देशों को चिंतित होना चाहिए क्योंकि यह सिर्फ सटीक जानकारी नहीं है, बल्कि यह सच भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें सोचना चाहिए कि हम डरेंगे नहीं, हम डरेंगे नहीं लेकिन हमें तैयार रहना चाहिए।

**सवाल सिर्फ हमारा नहीं...पूरी दुनिया का है:** जेलेंस्की ने कहा कि सवाल सिर्फ यूक्रेन का नहीं है बल्कि पूरी दुनिया का है। बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने हाल ही में डूबे रूसी जहाज से लेकर अपने सैनिकों की मौत का जिक्र किया। 50 से अधिक दिन की लड़ाई के बाद भी यूक्रेन की राजधानी कीव जेलेंस्की सरकार के नियंत्रण में है। कड़े प्रतिरोध के चलते कई प्रमुख यूक्रेनी शहर अभी भी रूस के कब्जे से बाहर हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर पुतिन इस युद्ध में कमजोर पड़ते हैं तो वह यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सीआईए ने भी किया आगाह:** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक बिल बर्न्स ने गुरुवार को कहा कि सीआईए ने संभावनाओं को श्बहुत गौरश से देखा है। रूस के ब्लैक सी फ्लैगशिप युद्धपोत मोस्कवा के डूबने के बाद रूसी मीडिया ने दावा किया था कि दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है। रूस का सरकारी मीडिया इस युद्धपोत के डूबने को लेकर पश्चिमी देशों को जिम्मेदार बता रहा है। युद्धपोत के डूबने के बाद रूसी रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वह आने वाले दिनों में यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल हमलों में तेजी लाएगा।

# राजा परवेज अशरफ बने पाक नेशनल असेंबली के नए स्पीकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान नेशनल असेंबली के नए सत्र की शुरुआत हो गई है। इस बैठक में सबसे पहले नए स्पीकर का चुनाव किया गया है। राजा परवेज अशरफ को निर्विरोध चुना गया है। वहीं दूसरी और डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी को हटाने और नए स्पीकर के चुनाव पर आज वोटिंग होनी थी। लेकिन अपने खिलाफ वोटिंग में हार के डर से पहले ही सूरी ने इस्तीफा दे दिया है।

इस घटना के सामने आने के बाद पाक मीडिया से बात करते हुए पीएमएल–एन के नेता अयाज सादिक ने कहा कि अब डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस्तीफे की प्रक्रिया को निर्दिष्ट किया है जिसके अनुसार इसे गवाहों की उपस्थिति में स्पीकर के सामने पेश किया जाना है।

इमरान खान के कट्टर वफादार सूरी ने बुधवार को नियमों के तहत अपनी शक्तियों को समाप्त कर दिया है और आगामी सत्र की तारीख 16 अप्रैल से बदलकर 22 अप्रैल कर दी थी।

हालांकि, बाद में सरकार ने एक नई अधिसूचना जारी कर कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर होगी वोटिंग के लिए सत्र 16 को ही होगा।



## अंतरिक्ष में छह माह बिताने के बाद वापस लौटा चीनी अंतरिक्षयात्री


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के नए अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने बिताने के बाद तीन अंतरक्षियात्रियों को लेकर शेनझोउ–13 शनिवार को वापस लौट आया। इसके साथ ही अब तक अंतरिक्ष में बिताया जाने वाला सबसे अधिक समय का रिकार्ड भी कायम हो गया। इससे पहले अंतरिक्ष में 92 दिन बिताने का रिकार्ड है। तीन चीनी अंतरिक्षयात्रियों को लेकर स्पेसक्रांफ्ट वापस पृथ्वी पर आ चुका है। इससे पहले अंतरिक्ष में देश का पहला विमान तीन महीनों तक रहा है। स्थानीय समयानुसार 9:56 उ पर उत्तर चीन के मंगोलिया स्थित गोबी रेगिस्तान की डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर तीन अंतरिक्षयात्री झाई झिगांग, वांग यापिंग और ये गुआंगफू को लेकर शेनझझोउ–13 कैप्सूल की लैंडिंग हुई। तीनों अंतरिक्षयात्रियों के स्वास्थ्य की जांच मेडिकल टीम ने की और बताया कि इनका स्वास्थ्य अच्छा है।

# पीटीआई सदस्यों ने विधानसभा के डिप्टी स्पीकर को जड़ा थप्पड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब विधानसभा में आज जमकर हंगामा हुआ। ये हंगामा उस वक्त हुआ जब सूबे का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए विधानसभा सत्र बुलाया गया था। समा टीवी के मुताबिक असेंबली में डिप्टी स्पीकर दोस्त मुहम्मद मजारी पर लोटस फेंके गए। बौखलाए पीटीआई सदस्यों ने उन्हें थप्पड़ भी मारा। बाद में वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी दोस्त को अपने साथ सुरक्षाघेरे में लेकर बाहर चले गए।

पाकिस्तान के अखबार डान के मुताबिक इमरान खान की पार्टी तहरीक–ए–इंसाफ



(पीटीआई) और पीएमएल–एन के सांसदों के आने की वजह से पंजाब विधानसभा का सत्र जबरदस्त हंगामें में बदल गया। वजह से इसको निलंबित ये सत्र नए मुख्यमंत्री के चुनाव करने के लिए सुबह 11:30 बजे शुरू होने वाला था। लेकिन हंगामे की वजह से इसको निलंबित कर दिया गया। , विधायिका के अंदर हंगामे के बाद विलंबित हो गया है। दोनों पक्षों की तरफ से एक–दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इसके बाद पीटीआई सदस्यों ने विपक्षी बेंच पर लोटे फेंके।

अखबार की खबर के मुताबिक जब डिप्टी स्पीकर सरदार दोस्त मुहम्मद मजारी ने विधानसभा में प्रवेश किया, तो ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने उन पर हमला किया। उनके ऊपर चीजें फेंकी गईं और विपक्ष ने उन्हें घेरने की कोशिश की। मजारी को असेम्बली गार्ड्स ने फौरन उनके चेंबर में शिफ्ट कर दिया। इस घटना के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पंजाब के एसएसपी आपरेशंस, पुलिस अधिकारियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ सिविल कपड़ों में विधानसभा में पहुंच गए।

## बिलकिस बानो को याद कर क्यों उदास हुआ पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कराची में परोपकारी और मानवतावादी बिलकिस बानो एधी का निधन हो गया है। बानो के निधन के बाद से पूरा पाकिस्तान गमगीन है। डॉन अखबार के अनुसार, 74 वर्ष की बिलकिस का कराची के एक अस्पताल में कल निधन हो गया जिसकी पुष्टि उनके बेटे फैसल एधी ने की। बिलकिस कई बीमारियों से पीड़ित थी और उन्हें फेफड़ों के अलावा दिल की भी बिमारी थी। प्रसिद्ध मानवतावादी और परोपकारी अब्दुल सत्तार एधी की पत्नी, बिलकिस को इस सप्ताह की शुरुआत में कराची के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया था जब उनका रक्तचाप अचानक गिर गया था। एक पेशेवर नर्स बिलकिस को पाकिस्तान की मां कहा जाता था। उन्होंने जीवन के छह दशक से अधिक समय जरूरतमंदों की सेवा में बिताया और पाकिस्तान के ईधी होम्स और केंद्रों में हजारों अनाथ बच्चों को लेजाकर बचाया। पाकिस्तान में भारतीय दूतावास ने भी आज कराची में बिलकिस बानो एधी के निधन पर शोक व्यक्त किया।